समझूँ मैं तेरे इरादे
ये: दोष तेरा है ये तो, हर दिन जब देखो
करती हो झूठे वादे
आ: संग संग ..., ये: दोष तेरा ...
आ: तू न जाने, दीवाने, दिखाऊँ तुझे कैसे मैं ये दिल की लगन
ये: जानेमन ... (आ: ला ला ...), आ: मेरे दो ...

ये: छेड़ेंगे कभी न तुम्हे, ज़रा बतलादो हमे,
कब तक हम तरसेंगे
आ: ऐसे घबराओ नहीं, कभी तो कहीं न कहीं
बादल ये बरसेंगे
ये: छेड़ेंगे ..., आ: ऐसे ...
ये: क्या करेंगे बरसके, के जब मुरझायेगा ये सारा चमन
ये: जानेमन ... (आ: ला ला ...), आ: मेरे दो ...

film: Pyaasa singer: Hemant Kumar
lyrics: Sahir Ludhianvi music: S.D. Burman

जाने वो कैसे लोग थे जिनके
प्यार को प्यार मिला
हमने तो जब कलियाँ माँगी
काँटों का हार मिला
जाने वो ...

खुशियों की मंज़िल ढूँढी तो
ग़म की गर्द मिली
चाहत के नग़मे चाहे तो
आँहें सर्द मिली
दिल के बोझ को धुँधला कर गया जो ग़मख़ार मिला
हमने तो जब ...

बिछड़ गया ... बिछड़ गया हर साथी देकर
पल दो पल का साथ
किसको फ़ुरसत है जो थामे दीवानों का हाथ
हमको अपना साया तक अक़सर बेज़ार मिला
हमने तो जब ...

इसको ही जीना कहते हैं तो
यूँही जी लेंगे
उफ़ न करेंगे लब सी लेंगे
आँसू पी लेंगे
ग़म से अब घबराना कैसा, ग़म सौ बार मिला
हमने तो जब ...

film: Mahaan singer: Amitabh Bachhan lyrics: music:

जिधर देखूँ तेरी तसवीर, नज़र आती है
तेरी सूरत, मेरी तक़दीर, नज़र आती है

ज़िन्दा हूँ मैं तेरे लिये, जीवन तेरा है
मेरा है जो, सब है तेरा, अब क्या मेरा है
मेरी खुशियों की तू जागीर नज़र आती है

जिधर देखूँ तेरी तसवीर, नज़र आती है
तेरी सूरत, मेरी तक़दीर, नज़र आती है

बिना देखे, बिना जाने, तन मन बाँधे जो
बंधन जो, जनम जनम, मर के जुदा न हो
तेरी चाहत वही ज़ंजीर, नज़र आती है

जिधर देखूँ तेरी तसवीर, नज़र आती है
तेरी सूरत, मेरी तक़दीर, नज़र आती है

film: Anpadh singer: Lata Mangeshkar
lyrics: Raja Mehdi Ali Khan music: Madan Mohan

है इसी में प्यार की आबरू
वो ज़फ़ा करें मैं वफ़ा करूँ
जो वफ़ा भी काम न आ सके
तो वोही कहें के मैं क्या करूँ
है इसी ...

(मुझे ग़म भी उनका अज़ीज़ है
के उन्हीं की दी हुई चीज़ है) - (२)
के उन्हीं की दी हुई चीज़ है
यही ग़म है अब मेरी ज़िंदगी
इसे कैसे दिल से जुदा करूँ
है इसी ...

(जो न बन सके मैं वो बात हूँ
जो न खत्म हो मैं वो रात हूँ) - (२)
जो न खत्म हो मैं वो रात हूँ
ये लिखा है मेरे नसीब में
यूँही शम्मा बनके जला करूँ
है इसी ...

(न किसी के दिल की हूँ आरज़ू
न किसी की नज़र की हूँ जुस्तजू) - (२)
न किसी की नज़र की हूँ जुस्तजू
मैं वो फूल हूँ जो उदास हो
न बहार आए तो क्या करूँ
है इसी ...

film: Haqeeqat singer: Bhupinder, Rafi, Talat and Manna Dey
lyrics: Kaifi Azmi music: Madan Mohan

होके मजबूर मुझे उसने बुलाया होगा
ज़हर चुपके से दवा जानके खाया होगा
होके मजबूर...

भूपिंदर: दिल ने ऐसे भी कुछ अफ़साने सुनाए होंगे
अश्क़ आँखों ने पी और न बहाए होंगे
बंद कमरे में जो खत मेरे जलाए होंगे
एक इक हर्फ़ जबीं पर उभर आया होगा

रफ़ी: उसने घबराके नज़र लाख बचाई होगी
दिल की लुटती हुई दुनिया नज़र आई होगी
मेज़ से जब मेरी तस्वीर हटाई होगी
हर तरफ़ मुझको तड़पता हुआ पाया होगा
होके मजबूर...

तलत: छेड़ की बात पे अरमाँ मचल आए होंगे
ग़म दिखावे की हँसी ने न छुपाए होंगे
नाम पर मेरे जब आँसू निकल आए होंगे - (२)
सर न काँधे से सहेली के उठाया होगा

मन्ना डे: ज़ुल्फ़ ज़िद करके किसी ने जो बनाई होगी
और भी ग़म की घटा मुखड़े पे छाई होगी
बिजली नज़रों ने कई दिन न गिराई होगी
रंग चेहरे पे कई रोज़ न आया होगा
होके मजबूर...

film: Chhoti si Baat singer: Yesudas, Asha Bhonsle
lyrics: Yogesh music: Salil Chowdhury

ये: जानेमन जानेमन तेरे दो नयन
चोरी चोरी लेके गए देखो मेरा मन
जानेमन जानेमन जानेमन
आ: मेरे दो नयन, चोर नहीं सजन
तुमसे ही खोया होगा कहीं तुम्हारा मन
जानेमन जानेमन जानेमन
ये: जानेमन ..., आ: मेरे ...

ये: तोड़ दे दिलों की दूरी, ऐसी क्या है मजबूरी
दिल दिल से मिलने दे
आ: जा, अभी तो हुई है यारी, अभी से ही बेक़रारी
दिन तो ज़रा ढलने दे
ये: छोड़ ..., आ: अभी तो ...
ये: यही सुनते, समझते, गुज़र गए जाने कितने ही सावन
जानेमन ...
आ: मेरे दो ...

आ: संग संग चले मेरे, मारे आगे पीछे फ़ेरे

दिल चीज़ क्या है, आप मेरी जान लीजिये
बस एक बार मेरा कहा, मान लीजिये

इस अंजुमन में आपको आना है बार बार
दीवार-ओ-दर को गौर से पहचान लीजिये

माना के दोस्तों को नहीं दोस्ती का नाज़
लेकिन ये क्या के गैर का अहसान लीजिये

कहिये तो आसमान को ज़मीन पर उतार लाएं
मुश्किल नहीं है कुछ भी अगर ठान लीजिये

film: Ajnabee singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

एक अजनबी, हसीना से, यूँ मुलाकात, हो गई
फिर क्या हुआ, ये ना पूछो, कुछ ऐसी बात, हो गई
एक अजनबी ...

वो अचानक आ गई, यूँ नज़र के सामने
जैसे निकल आया घटा से चाँद
चेहरे पे ज़ुल्फ़ें, बिखरी हुई थीं
दिन में रात हो गई
एक अजनबी ...

जान-ए-मन जान-ए-जिगर, होता मैं शायर अगर
कहता ग़ज़ल तेरी अदाओं पर
मैं ने ये कहा तो, मुझसे ख़फ़ा वो
जान-ए-हयात हो गई
एक अजनबी ...

खूबसूरत बात ये, चार पल का साथ ये
सारी उमर मुझको रहेगा याद
मैं अकेला था मगर, बन गई वो हमसफ़र
वो मेरे साथ हो गई
एक अजनबी ...

film: Aradhana singer: Rafi, Lata
lyrics: Anand Bakshi music: S.D. Burman

म: आ ..., (गुनगुना रहे हैं भँवरे
खिल रही हैं कली कली) - (२)
ल: गली गली
म: कली कली
ल: गुनगुना रही ...
mm.. aa..

ल: ज़रा देखो सजन बेईमान भँवरा कैसे मुसकाये
म: हाय कली यूँ शरमाये
घूँघट में जैसे कोई छुप जाये
ल: हाय ज़रा ...
म: हाय कली ...
ल: ऋतु ऐसी हाए कैसी ये पवन चली गली गली
गुनगुना रही ...
म: गली गली
ल: कली कली
म: गुनगुना रही ...
mm.. aa..

म: किसी को क्या कहें हम दोनो भी हैं देखो कुछ खोये
ल: खोये हुआ क्या ओए ओए जागे जिया में अरमान सोये
म: सोये किसी को ...
ल: खोये हुआ क्या ...
म: ऋतु ऐसी हाए कैसी ये पवन चली गली गली
गुनगुना रही ...
ल: गली गली
म: कली कली
ल: गुनगुना रही ...
आ ...

ल: सुनो पास न आओ, कलियों के बहाने प्यार न जताओ
म: जाओ चलो बात न बनाओ
भँवरे के बहाने आँख न लड़ाओ
ल: जाओ सुनो पास ...
म: जाओ चलो बात ...
ल: ऋतु ऐसी हाए कैसी ये पवन चली गली गली
गुनगुना रही ...
म: गुनगुना रही ...
ल: गली गली)
म: कली कली) ...

चाँदी की कुर्सी पे बैठी मेरी छोटी बहना
सोने के सिंहासन पे बैठी मेरी प्यारी माँ
मेरा क्य मै पड़ रहूँगा अम्मी जी के पाँव में - २
आ अइ रे - ४, छोटा ...

(different tune -)

कहेगी माँ दुल्हन ला बेटा घर सूना सूना है - २
मन में झूम कहूँगा मैं, माँ, इतनी जळी क्या है?
गली गली में तेरे राजदुलारे कि चर्चा है - २
आखिर कोई तो आएगा इन नैनों के दाँव में - २
आ अइ रे - ४, छोटा ...

film: Gambler singer: Kishore
lyrics: Neeraj music: S.D. Burman

दिल आज शायर है, ग़म आज नग़मा है
शब ये ग़ज़ल है सनम
गैरों के शेरों को ओ सुनने वाले
हो इस तरफ़ भी करम

(आके ज़रा देख तो तेरी खातिर
हम किस तरह से जिये) - २
आँसू के धागे से सीते रहे हम
जो ज़ख्म तूने दिये
चाहत की महफ़िल में ग़म तेरा लेकर
क़िस्मत से खेला जुआ
दुनिया से जीते पर तुझसे हारे
यूँ खेल अपना हुआ ...

(ये प्यार हमने किया जिस तरह से
उसका न कोई जवाब) - २
ज़र्रा थे लेकिन तेरी लौ में जलकर
हम बन गए आफ़ताब
हमसे है ज़िंदा वफ़ा और हम ही से
है तेरी महफ़िल जवाँ
जब हम न होंगे तो रो रोके दुनिया
ढूँढेगी मेरे निशां ...

(ये प्यार कोई खिलौना नहीं है
हर कोई ले जो खरीद) - २
मेरी तरह ज़िंदगी भर तड़प लो
फिर आना इसके करीब
हम तो मुसाफ़िर हैं कोई सफ़र हो
हम तो गुज़र जाएंगे ही
लेकिन लगाया है जो दांव हमने
वो जीत कर आएंगे ही ...

film: Nikaah singer: Mahendra Kapoor, Salma Agha
lyrics: Hasan Kamal music: Ravi

म: दिल की ये आरज़ू थी कोई दिलरुबा मिले - (२)
लो बन गया नसीब के तुम हम से आ मिले
दिल की ये ...

स: देखें हमें नसीब से अब, अपने क्या मिले - (२)
अब तक तो जो भी दोस्त मिले, बेवफ़ा मिले - (२)

म: आँखों को इक इशारे की ज़हमत तो दीजिये
कदमों में दिल बिछादूँ इजाज़त तो दीजिये
ग़म को गले लगालूँ जो ग़म आप का मिले - (२)
दिल की ये ... - (२)

स: हम्ने उदासियों में गुज़ारी है ज़िन्दगी - (२)
लगता है दर फ़रेब बेवफ़ा से कभी कभी - (२)
ऐसा न हो कि ज़ख़्म कोई फिर नया मिले - (२)
अब तक तो जो भी दोस्त मिले बेवफ़ा मिले

म: कल तुम जुदा हुए थे जहाँ साथ छोड़ कर
हम आज तक खड़े हैं उसी दिल के मोड़ पर
हम को इस इन्तज़ार का कुछ तो सिलह मिले (२)
दिल की ये ... - (२)

स: देखें हमें नसीब से अब, अपने क्या मिले - (२)
अब तक तो जो भी दोस्त मिले, बेवफ़ा मिले - (२)

film: Umrao Jaan singer: Asha
lyrics: Shahryar music: Khayyam

film: Pakeezah singer: Lata, Rafi
lyrics: Kamal Amrohi/Kaifi Azmi music: Ghulam Mohammad, Naushad

चलो दिलदार चलो चाँद के पार चलो
हम हैं तैयार चलो

(आओ खो जाएं सितारों में कहीं) - २
छोड़ दें आज ये दुनिया ये ज़मीं, दुनिया ये ज़मीं
चलो दिलदार ...

(हम नशे में हैं सम्भालो हमें तुम) - (२)
नींद आती है जगा लो हमें तुम, जगा लो हमें तुम
चलो दिलदार ...

(ज़िंदगी खत्म भी हो जाये अगर) - (२)
न कभी खत्म हो उल्फ़त का सफ़र, उल्फ़त का सफ़र
चलो दिलदार ...

film: Pakeezah singer: Lata
lyrics: Kamal Amrohi/Kaifi Azmi music: Ghulam Mohammad, Naushad

चाँदनी रात बड़ी देर के बाद आई है
ये मुलाक़ात बड़ी देर के बाद आई है
आज की रात वो आए हैं बड़ी देर के बाद
आज की रात बड़ि देर के बाद आई है

ठाड़े रहियो ओ बाँके यार रे ठाड़े रहियो
ठाड़े रहियो - (३)

ठहरो लगाय आऊँ, नैनों में कजरा
चोटी में गूँद लाऊँ फूलों का गजरा
मैं तो कर आऊँ सोलह श्रृंगार रे - (३)
ठाड़े रहियो ...

(some "bols"..)

जागे न कोई, रैना है थोड़ी
बोले छमाछम पायल निगोड़ी ... बोले
(some music)
निगोड़ी ... बोले ...

अजी धीरे से खोलूँगी द्वार रे
सैयाँ धीरे से खोलूँगी द्वार रे
मैं तो चुपके से
अजी हौले से खोलूँगी द्वार रे
ठाड़े रहियो ...

film: Yaarana singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi ? music: Rajesh Roshan

छूकर, मेरे मन को, किया तूने, क्या इशारा
बदला ये मौसम, लगे प्यारा जग सारा
छूकर ...

तू जो कहे जीवन भर, तेरे लिये मैं गाऊँ,
तेरे लिये मैं गाऊँ,
गीत तेरे बोलों पे लिखता चला जाऊँ,
लिखता चला जाऊँ,
मेरे गीतों में, तुझे ढूँढे जग सारा
छूकर ...

आजा तेरा आँचल ये, प्यार से मैं भर दूँ,
प्यार से मैं भर दूँ,
खुशियाँ जहाँ भर की, तुझको नज़र कर दूँ,
तुझको नज़र कर दूँ,
तू ही मेरा जीवन, तू ही जीने का सहारा
छूकर ...

film: Naukari singer: Kishore, Usha Mangeshkar
lyrics: Shailendra music: Salil Chowdhury

छोटा सा घर होगा बादलों की छाँव में
आशा दीवानी मन में बाँसुरी बजाए
हम ही हम चमकेंगे तारों के इस गाँव में
आँखों की रौशनी हरदम ये समझाए

मेरी छोटी बहना नाज़ों की पाली शहज़ादी
जितनी भी जळी हो मै कर दूँगा इसकी शादी
अच्छा है ये बला हमारी जाए दूजे गाओं में - २
आ अइ रे - ४, छोटा ...

बोले रे पपीहरा पपीहरा
नित मन तरसे, नित मन प्यासा
नित मन प्यासा, नित मन तरसे
बोले रे ...

पलकों पर इक बूँद सजाए
बैठी हूँ सावन ले जाए
जाए पी के देस में बरसे
नित मन प्यासा, नित मन तरसे
बोले रे ...

सावन जो संदेसा लाए
मेरी आँख पे मोती छाए
जाए मिले बाबुल के घर से
नित मन प्यासा, नित मन तरसे
बोले रे ...

film: Chalte Chalte singer: Kishore
lyrics: Amit Khanna ? music: Bappi Lahari

चलते चलते, मेरे ये गीत याद रखना
कभी अलविदा ना कहना
कभी अलविदा ना कहना
रोते हँसते, बस यूँही तुम
गुनगुनाते रहना
कभी अलविदा ...

प्यार करते करते, हम तुम कहीं खो जाएंगे
इन्ही बहारों के, आँचल में थक के सो जाएंगे
सपनों को फिर भी, तुम यूँही सजाते रहना
कभी अलविदा ...

बीच राह में दिलवर, बिछड़ जाएं कहीं हम अगर
और सूनी सी लगे तुम्हें, जीवन की ये डगर
हम लौट आएंगे, तुम यूँही बुलाते रहना
कभी अलविदा ...

(slow)
चलते चलते ...
रोते हँसते ...

अलविदा तो अंत है
और अंत किसने देखा
ये जुदाई ही
मिलन है जो हम ने देखा
यादों में आकर
तुम यूँही गाते रहना
कभी अलविदा ...

film: Mere Jeevan Saathi singer: Kishore
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: R. D. Burman

चला जाता हूँ, किसी की धुन में
धड़कते दिल के, तराने लिये
मिलन की मस्ती, भरी आँखों में
हज़ारों सपने, सुहाने लिये, चला जाता हूँ...

ये मस्ती के, नज़ारें हैं, तो ऐसे में
सम्भलना कैसा मेरी क़सम
तू लहराती, डगरिया हो, तो फिर क्यूँ ना
चलूँ मैं बहका बहका रे
मेरे जीवन में, ये शाम आई है
मुहब्बत वाले, ज़माने लिये, चला जाता हूँ...

वो आलम भी, अजब होगा, वो जब मेरे
करीब आएगी मेरी क़सम
कभी बइयाँ छुड़ा लेगी, कभी हँसके
गले से लग जाएगी हाय
मेरी बाहों में, मचल जाएगी
वो सच्चे झूठे बहाने लिये, चला जाता हूँ...

बहारों में, नज़ारों में, नज़र डालूँ
तो ऐसा लागे मेरी क़सम
वो नैनों में, भरे काजल, घूंघट खोले
खडी हैं मेरे आगे रे
शरम से बोझल झुकी पलकों में
जवाँ रातों के फ़साने लिये, चला जाता हूँ...

बहारों फूल बरसाओ
मेरा महबूब आया है - (२)
हवाओं रागिनी गाओ
मेरा महबूब आया है - (२)

ओ लाली फूल की मेंहँदी लगा इन गोरे हाथों में
उतर आ ऐ घटा काजल, लगा इन प्यारी आँखों में
सितारों माँग भर जाओ
मेरा महबूब आया है - (२)

नज़ारों हर तरफ़ अब तान दो इक नूर की चादर
बडा शर्मीला दिलबर है, चला जाये न शरमा कर
ज़रा तुम दिल को बहलाओ
मेरा महबूब आया है - (२)

सजाई है जवाँ कलियों ने अब ये सेज उल्फ़त की
इन्हें मालूम था आएगी इक दिन ऋतु मुहब्बत की
फ़िज़ाओं रंग बिखराओ
मेरा महबूब आया है - (२)
बहारों ...

film: Ek Musafir Ek Hasina singer: Rafi, Asha
lyrics: S.H. Bihari music: O.P. Nayyar

र: बहुत शुक्रिया बड़ी मेहरबानी
मेरी ज़िन्दगी में हुज़ूर आप आए
कदम चूम लूँ या ये आँखें बिछा दूँ
करूँ क्या ये मेरी समझ में न आए
बहुत शुक्रिया...

करूँ पेश तुमको नज़राना दिल का
नज़राना दिल का
के बन जाए कोई अफ़साना दिल का
खुदा जाने ऐसी सुहानी घड़ी फिर - २
मेरी ज़िन्दगी में पलट के न आए
बहुत शुक्रिया...

खुशी तो बहुत है, मगर ये भी ग़म है
के ये साथ अपना कदम दो कदम है
मगर ये मुसाफ़िर दुआ माँगता है - (२)
खुदा आपसे किसी दिन मिलाए
बहुत शुक्रिया...

आ:
मुझे डर है मुझमें गुरूर आ न जाए
लगूँ झूमने मैं सुरूर आ न जाए
कहीं दिल ये मेरा ये तारीफ़ सुनकर - (२)
तुम्हारा बने और मुझे भूल जाए
बहुत शुक्रिया...

film: Bobby singer: Narendra Chanchal
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

(बेशक़ मंदिर मस्जिद तोड़े, बुल्लेशा ये कहता) - २
पर प्यार भरा दिल कभी न तोड़ो...
इस दिल में दिलवर रहता
जिस पलड़े में तुले मोहब्बत...
जिस पलड़े में तुले मोहब्बत
उसमें चाँदी नहीं तौलना
तौबा मेरी ना डोलना मैं नी बोलना
ओ नहीं बोलना जा, मैं नहीं बोलना जा
ओ मैं नहीं बोलना जा, डोलना मैं नी बोलना
तौबा मेरी न डोलना मैं नी बोलना

आग ते इश्क़ बराबर दोनो, पर पानी आग बुझाए - (२)
आशिक़ के जब आँसू निकले, और अगन लग जाए
तेरे सामने बैठके रोना...
ओ तेरे सामने बैठके रोना दिल का दुखड़ा नहीं टोलना
डोलना मैं नी बोलना
ओ नहीं बोलना जा, मैं नहीं बोलना जा
वे मैं नहीं बोलना जा, बोलना मैं नी बोलना
तौबा मेरी न डोलना मैं नी बोलना
वे मैं नहीं बोलना, ओ वे मैं नहीं बोलना
वे मैं नहीं बोलना, ते मैं नहीं बोलना
नहीं बोलना, डोलना मैं नी बोलना
नहीं बोलना, नहीं बोलना...

film: Guddi singer: Vani Jayaram
lyrics: Gulzar music: Vasant Desai

ये घड़ी न जाए बीत
ये घड़ी न जाए बीत तुझे मेरे गीत बुलाते हैं
आ लौट . . .

film: Waqt singer: Manna Dey
lyrics: Sahir Ludhianvi music: Ravi

ऐ मेरी ज़ोहरा-ज़बीं
तुझे मालूम नहीं
तू अभी तक है हसीं
और मैं जवाँ
तुझपे क़ुरबान मेरी जान मेरी जान
ऐ मेरी . . .

ये शोखियाँ ये बाँकापन
जो तुझ में है कहीं नहीं
दिलों को जीतने का फ़न
जो तुझ में है कहीं नहीं
मैं तेरी
मैं तेरी आँखों में पा गया दो जहाँ
ऐ मेरी . . .

तू मीठे बोल जान-ए-मन
जो मुस्कुराके बोल दे
तो धडकनों में आज भी
शराबी रंग घोल दे
ओ सनम
ओ सनम मैं तेरा आशिक़-ए-जाबिदाँ
ऐ मेरी . . .

film: Tower House singer: Lata
lyrics: Asad Bhopali music: Ravi

ऐ मेरे दिल-ए-नादां
तू ग़म से न घबराना
एक दिन तो समझ लेगी
दुनिया तेरा अफ़साना
ऐ मेरे दिल-ए-नादां . . .

अरमान भरे दिल में
ज़ख्मों को जगह दे दे
भड़के हुए शोलों को
कुछ और हवा दे दे
बनती है तो बन जाए
ये ज़िन्दगी अफ़साना
ऐ मेरे दिल-ए-नादां . . .

फ़रियाद से क्या हासिल
रोने से नतीजा क्या
बेकार हैं ये बातें
इन बातों से होगा क्या
अपना भी घडी भर में
बन जाता है बेगाना
ऐ मेरे दिल-ए-नादां . . .

film: Mili singer: Kishore
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: S.D. Burman

बड़ी सूनी सूनी है ज़िंदगी ये ज़िंदगी - (२)
मैं खुद से हूँ यहाँ अजनबी अजनबी
बड़ी . . .

कभी एक पल भी, कहीं ये उदासी
दिल मेरा भूले
कभी मुस्कुराकर दबे पाँव आकर
दुख मुझे छूले
न कर मुझसे ग़म मेरे, दिल्लगी ये दिल्लगी
बड़ी . . .

कभी मैं न सोया, कहीं मुझसे खोया
सुख मेरा ऐसे
पता नाम लिखकर, कहीं यूँही रखकर
भूले कोई कैसे
अजब दुख भरी है ये, बेबसी बेबसी
बड़ी . . .

film: Suraj singer: Rafi
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

ओ सुनो सुनो
ओ राघोबा, ओ धोंडीबा
ओ कर्नल सिंह
ओ जर्नैल सिंह
ओ तुस्सी भी सुनो पाप्पे
Then the song starts
कि: अरे रफ़्ता रफ़्ता देखो आँख मेरी लड़ी है (२)
आँख जिससे लड़ी है वो पास मेरे खड़ी है
मुझे जानती है जबसे ये मरती है तबसे
मैं भी इससे चोरी छुपे चाहता हूँ तबसे
दिल में ये मेरे बस गई !
ऐ कुड़ी फ़ँस गई !!

रे: ये तुम क्या कह रहे हो ? मैने ऐसा तो नहीं कहा था

कि: हे हे !! अरे रफ़्ता रफ़्ता देखो आँख मेरी लड़ी है
आँख जिससे लड़ी है वो पास मेरे खड़ी है
Fabulous interlude
कि: मुझे प्यार सिखाया किसने? इसने! (२)
मुझे प्यार सिखाके दीवाना बनाया किसने? इसने!
ये प्यार का कमाल है शराब का सुरूर नहीं
होना था सो हो गया किसीका भी क़ुसूर नहीं
हाथों में मेरे रस गई !!
ए कुड़ी फ़ँस गई !!
रे: ओह्फ़ो! ये तुम क्या कह रहे हो?
मैने ऐसा तो नहीं कहा था!!

कि: **hmm hmmmm!!** अरे रफ़्ता ...

Interlude
कि: अरे पहली शरारत किसने की? इसने की! (२)
अरे पहली शरारत करके मोहब्बत किसने की?
इसने की!!
इसको पसंद मैं, मुझे ये पसंद है
दिल मिल जाते ???? बातें यहाँ बंद हैं
(unsure of above line)
बात है ये असली!!
ओ पांडोबा, पोरगी फ़सली रे फ़सली!
रे: पागल हो गए हो क्या? मैने ऐसा तो नहीं कहा था!
कि: आगये! ज़वाल ये लाजो नको (४)

राघोबा, धोंडीबा, पांडोबा - **marathi names**

आगये! ज़वाल ये लाजो नको - **don't be shy, come close**
पोर्गी फ़सली रे फ़सली - **marathi for "ladki pat gaii"**

film: Parvarish singer: Mukesh
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Dattaram

आँसू भरी हैं ये जीवन की राहें
कोई उनसे कह दे हमें भूल जाएं
आँसू ...

वादे भुला दें क़सम तोड़ दें वो - (२)
हालत पे अपनी हमें छोड़ दें वो
उन्हें घर मुबारक हमें अपनी आँहें
कोई उनसे कह दे ...

बरबादियों की अजब दास्ताँ हूँ - (२)
शबनम भी रोए मैं वो पासबाँ हूँ
ऐसे जहाँ से क्यूँ हम दिल लगाएं
कोई उनसे कह दे ...
आँसू ...

film: Rani Roopmati singer: Lata or Mukesh
lyrics: Bharat Vyas music: S.N. Tripathi

आ लौट के आजा मेरे मीत तुझे मेरे गीत बुलाते हैं
मेरा सूना पड़ा रे संगीत तुझे मेरे गीत बुलाते हैं

बरसे गगन मेरे बरसे नयन देखो तरसे है मन अब तो आजा
शीतल पवन ये लगाए अगन
ओ सजन अब तो मुखड़ा दिखा जा
तूने भली रे निभाई प्रीत
तूने भली रे निभाई प्रीत तुझे मेरे गीत बुलाते हैं
आ लौट...

एक पल है हँसना एक पल है रोना कैसा है जीवन का खेला
एक पल है मिलना एक पल बिछड़ना
दुनिया है दो दिन का मेला

साया भी जो तेरा पड़ जाए - (२)
आबाद हो दिल का वीराना
चंदन सा ...

तन भी सुंदर मन भी सुंदर
तू सुंदरता की मूरत है
किसी और को शायद कम होगी
मुझे तेरी बहुत ज़रूरत है
पहले भी बहुत मैं तरसा हूँ - (२)
तू और न मुझको तरसाना
चंदन सा ...

film: Paakeezah singer: Lata
lyrics: Kaifi Azmi music: Ghulam Mohammed

चलते चलते, चलते चलते
यूँही कोई मिल गया था, यूँही कोई मिल गया था
सरे राह चलते चलते, सरे राह चलते चलते
वहीं थमके रह गई है, वहीं थमके रह गई है
मेरी रात ढलते ढलते, मेरी रात ढलते ढलते

जो कही गई है मुझसे, जो कही गई है मुझसे
वो ज़माना कह रहा है, वो ज़माना कह रहा है
ये फ़साना
ये फ़साना बन गई है, ये फ़साना बन गई है
मेरी बात चलते चलते, मेरी बात चलते चलते

यूँही कोई मिल गया था, यूँही कोई मिल गया था
सरे राह चलते चलते, सरे राह चलते चलते ...

शबे इंतज़ार आखिर, शबे इंतज़ार आखिर
कभी होगी मुक़्तसर भी, कभी होगी मुक़्तसर भी
ये चराग़
ये चराग़ बुझ रहे हैं, ये चराग़ बुझ रहे हैं
मेरे साथ जलते जलते, मेरे साथ जलते जलते

ये चराग़ बुझ रहे हैं, ये चराग़ बुझ रहे हैं - (३)
मेरे साथ जलते जलते, मेरे साथ जलते जलते

यूँही कोई मिल गया था, यूँही कोई मिल गया था
चरे राह चलते चलते, चरे राह चलते चलते ...

film: Amar Prem singer: S.D. Burman
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

हो रामा रे, हो ओ रामा
डोली में बिठाई के कहार - (२)
लाए मोहे सजना के द्वार
ओ डोली में बिठाई के कहार
बीते दिन खुशियों के चार, देके दुख मन को हज़ार
ओ डोली में...

मर के निकलना था, ओ, मर के निकलना था
घर से साँवरिया के जीते जी निकलना पड़ा
फूलों जैसे पाँवों में, पड़ गए ये छाले रे
काँटों पे जो चलना पड़ा
पतझड़, ओ बन गई पतझड़, ओ बन गई पतझड़
बैरन बहार डोली में...

जितने हैं आँसू मेरी, ओ, जितने हैं आँसू मेरी
अँखियों में, उतना नदिया में नाहीं रे नीर
ओ लिखनेवाले तूने लिख दी ये कैसी मेरी
टूटी नय्या जैसी तक़दीर
उठा माझी, ओ माझी, उठा माझी,
ओ माझी रे, उठा माझी
उठे पटवार डोली में...

टूटा पहले मेरे मन, ओ, टूटा पहले मन अब
चूड़ियाँ टूटीं, ये सारे सपने यूँ चूर
कैसा हुआ धोखा आया पवन का झोंका
मिट गया मेरा सिंदूर
लुट गए, ओ रामा, लुट गए, ओ रामा मेरे लुट गए
सोलह श्रृंगार डोली में...

film: Kahaani Kismat ki singer: Kishore Kumar, Rekha
lyrics: Rajinder Krishan music: Kalyanji, Anandji

The beginning of this song is as follows
कि: अरे सुनो सुनो, ओ भाइयों, बहनों
अरे मगन भाई, ओ छगन भाई, ओ सामालो रे दामालो

उतनी ही तू पास आए
आँधी ने रोका, पानी ने टोका,
दुनिया ने हँस कर पुकारा
तसवीर तेरी, लेकिन लिये मैं, कर आया सबसे किनारा
हाँ, बादल बिजली, चंदन पानी जैसा अपना प्यार
लेना होगा जनम हमें, कई कई बार

हाँ, इतना मदिर, इतना मधुर तेरा मेरा प्यार
लेना होगा जनम हमें, कई कई बार
कई, कई बार... कई, कई बार ...

film: Kanhaiyya singer: Mukesh
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

रुक जा ओ जाने वाली रुक जा
मैं तो राही तेरी मंज़िल का
नज़रों में तेरी मैं बुरा सही
आदमी बुरा नहीं मैं दिल का - (२)

देखा ही नहीं तुझको
सूरत भी न पहचानी
तू आके चली छुम से
यूँ डूबके दिन पानी - (२)
रुक जा ...

मुद्दत से मेरे दिल के
सपनों की तू रानी है
अब तक न मिले लेकिन
पहचान पुरानी है - (२)
रुक जा ...

आ प्यार की राहों में
बाहों का सहारा ले
दुनिया जिसे गाती है
उस गीत को दोहरा ले - (२)
रुक जा ...

film: Dada singer: Yesudas lyrics: music: Usha Khanna

(दिल के टुकड़े टुकड़े करके
मुस्कुराते चल दिये) - (२)
जाते जाते ये तो बता जा
हम जियेंगे किसके लिये
दिल के टुकड़े टुकड़े करके
मुस्कुराते चल दिये

चांद भी होगा, तारे भी होंगे
दूर चमन में प्यारे भी होंगे
लेकिन हमारा दिल न लगेगा
भीगेगी जब जब रात सुहानी
आग लगाएगी ऋतु मस्तानी
तू ही बता कोई कैसे जियेगा
दिल के मारों को दिल के मालिक
ठोकर लगा के चल दिये
दिल के टुकड़े ...

रूठे रहेंगे आप जो हमसे
मर जाएंगे हम भी कसम से
सुनले हाथ छुड़ाने से पहले
जान हमारी नाम पे तेरी
जाएगी जिस दिन दिलबर मेरी
सोच समझ ले जाने से पहले
यूं अगर तुम दिल की तमन्ना
को मिटाके चल दिये
दिल के टुकड़े ...

film: Saraswati Chandra singer: Mukesh
lyrics: Indeevar music: Kalyanji, Anandji

चंदन सा बदन चंचल चितवन
धीरे से तेरा ये मुस्काना
मुझे दोष न देना जग वालों - (२)
हो जाऊँ अगर मैं दीवाना
चंदन सा ...

ये काम कमान भँवे तेरी
पलकों के किनारे कजरारे
माथे पर सिंदूरी सूरज
होंठों पे दहकते अंगारे

ये लो मैं हारी पिया, हुई तेरी जीत रे
काहे का झगड़ा बालम, नई नई प्रीत रे
ये लो मैं...

नये नये दो नैन मिले हैं - (२)
नई मुलाकात है
मिलते ही तुम रूठ गये जी
ये भी कोई बात है - (२)
जाओ जी माफ़ किया
तू ही मेरा मीत रे
काहे का झगड़ा ...

हुई तिहारी संग चलोजी- (२)
बैयाँ मेरी थामके
बाँध बलम किस्मत की डोरी
संग तेरे नामके - (२)
लड़ते ही लड़ते मौसम
जाये नहीं बीत रे
काहे का झगड़ा ...

चले किधर को बोलो बाबू - (२)
सपनों को लूट के
हाय राम जी रह नहीं पाये
दिल मेरा टूटके - (२)
????
????
काहे का झगड़ा ...

ये लो मैं हारी पिया ...

film: Jab Jab Phool Khile singer: Lata
lyrics: Anand Bakshi music: Kalyanji, Anandji

ये समा
समा है ये प्यार का
किसी के इंतज़ार का
दिल ना चुराले कहीं मेरा
मौसम बहार का
ये समा...

बसने लगे आँखों में
कुछ ऐसे सपने
कोई बुलाए जैसे
नैनों से अपने - (२)
ये समा...

मिलके खयालों में ही
अपने बलम से
नींद गंवाँई अपनी
मैंने क़सम से - (२)
ये समा...

film: Prem Pujari singer: Kishore
lyrics: Neeraj music: S.D. Burman

फूलों के रंग से, दिल की कलम से
तुझको लिखी रोज़ पाती
कैसे बताऊँ, किस किस तरह से
पल पल मुझे तू सताती
तेरे ही सपने, लेकर के सोया
तेरी ही यादों में जागा
तेरे खयालों में उलझा रहा यूँ
जैसे के माला में धागा

हाँ, बादल बिजली चंदन पानी जैसा अपना प्यार
लेना होगा जनम हमें, कई कई बार
हाँ, इतना मदिर, इतना मधुर तेरा मेरा प्यार
लेना होगा जनम हमें, कई कई बार

साँसों की सरगम, धड़कन की वीना,
सपनों की गीताँजली तू
मन की गली में, महके जो हरदम,
ऐसी जुही की कली तू
छोटा सफ़र हो, लम्बा सफ़र हो,
सूनी डगर हो या मेला
याद तू आए, मन हो जाए, भीड़ के बीच अकेला
हाँ, बादल बिजली, चंदन पानी जैसा अपना प्यार
लेना होगा जनम हमें, कई कई बार

पूरब हो पच्छिम, उत्तर हो दक्खिन,
तू हर जगह मुस्कुराए
जितना भी जाऊँ, मैं दूर तुझसे,

ले हाथों में हाथ चल तू
ओ साथी चल

एक तो ये मौसम है बड़ा सुहाना
अपना तो ये दिल भी है दीवाना
पर्बत से आके न टकरा जाना
तू बनके बादल
ओ साथी चल ...

हँसती है ये दुनिया तो हँसने दे
अरे नागन बनकर इस रुत को दँसने दे
मुझको अपनी आँखों में बसने दे
ओ बनके काजल
ओ साथी चल ...

अपनि रेशमी ज़ुल्फें लहराने दे
मुझको अपनी बांहों में आने दे
थक गई आज बहुत मैं अब जाने दे ना
मिलेंगे फिर कल
ओ साथी चल ...

film: Pakeezah singer: Lata
lyrics: Kamal Amrohi music: Ghulam Mohammad, Naushad

मौसम है आशिक़ाना
ऐ दिल कहीं से उनको ऐसे में ढूँढ लाना

कहना के रुत जवां है, और हम तरस रहे हैं
काली घटा के साए, बिरहन को डँस रहे हैं
डर है न मार डाले (सावन का क्या ठिकाना) - (२)
मौसम है ...

सूरज कहीं भी जाए, तुम पर न धूप आए
तुमको पुकारते हैं, इन गेसुओं के साए
आ जाओ मैं बना दूँ (पलकों का शामियाना) - (२)
मौसम है ...

फ़िरते हैं हम अकेले, बांहों में कोई ले ले
आखिर कोई कहाँ तक, तनहाइयों से खेले
दिन हो गए हैं ज़ालिम (रातें हैं क़ातिलाना) - (२)
मौसम है ...

ये रात ये खामोशी ये ख़्वाब से नज़ारे
जुग्नू हैं या ज़मीं पर, उतरे हुए हैं तारे
बेताब मेरी आँखें (मदहोष है ज़माना) - (२)
मौसम है ...

film: Shree 420 singer: Mukesh
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

मेरा जूता है जापानी, ये पतलून इंगलिस्तानी
सर पे लाल टोपी रूसी, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी
मेरा जूता...

निकल पड़े हैं खुली सड़क पर
अपना सीना ताने - (२)
मंज़िल कहाँ कहाँ रुकना है
ऊपर वाला जाने - (२)
बढ़ते जायें हम सैलानी, जैसे एक दरिया तूफ़ानी
सर पे लाल...

ऊपर नीचे नीचे ऊपर
लहर चले जीवन की - (२)
नादाँ हैं जो बैठ किनारे
पूछें राह वतन की - (२)
चलना जीवन की कहानी, रुकना मौत की निशानी
सर पे लाल...

होंगे राजे राजकुँवर हम
बिगड़े दिल शहज़ादे - (२)
हम सिंहासन पर जा बैठे
जब जब करें इरादे - (२)
सूरत है जानी पहचानी, दुनिया वालों को हैरानी
सर पे लाल...

film: Aar Paar singer: Geeta Dutt
lyrics: Majrooh music: O.P. Nayyar

ये लो मैं, ये लो मैं

मोतियों को तौलती
वो तुम ना थी तो कौन था
तुम्हीं तो थी
नशे की रात ढल गयी
अब ख़ुमार ना रहा
ज़िंदगी हमें तेरा
ऐतबार ना रहा, ऐतबार ना रहा
दोस्त दोस्त ना रहा ...

film: singer: Kishore, Parveen Sultana
lyrics: Anand Bakshi ? music: R. D. Burman

हमें तुमसे प्यार कितना, ये हम नहीं जानते
मगर जी नहीं सकते तुम्हारे बिना
हमें तुमसे प्यार ...

सुना गम जुदाई का, उठाते हैं लोग
जाने ज़िंदगी कैसे, बिताते हैं लोग
दिन भी यहाँ तो लगे, बरस के समान
हमें इंतज़ार कितना, ये हम नहीं जानते
मगर जी नहीं सकते तुम्हारे बिना
हमें तुमसे प्यार ...

तुम्हें कोई और देखे, तो जलता है दिल
बड़ी मुश्किलों से फिर, सम्भलता है दिल
क्या क्या जतन करतें हैं, तुम्हें क्या पता
ये दिल बेक़रार कितना, ये हम नहीं जानते
मगर जी नहीं सकते तुम्हारे बिना
हमें तुमसे प्यार ...

film: Parichay singer: Kishore
lyrics: Gulzar music: R.D. Burman

मुसाफ़िर हूँ मैं यारों
ना घर है ना ठिकाना
मुझे चलते जाना है, बस, चलते जाना
मुसाफ़िर...

एक राह रुक गई, तो और जुड़ गई
मैं मुड़ा तो साथ-साथ, राह मुड़ गई
हवा के परों पे, मेरा आशियाना
मुसाफ़िर...

दिन ने हाथ थाम के, इधर बिठा लिया
रात ने इशारे से, उधर बुला लिया
सुबह से शाम से मेरा, दोस्ताना
मुसाफ़िर...

film: Guide singer: Kishore, Lata
lyrics: Shailendra music: S.D. Burman

गाता रहे मेरा दिल, तू ही मेरी मंज़िल,
कहीं बीतें न ये रातें, कहीं बीतें न ये दिन - (२)

प्यार करने वाले अरे प्यार ही करेंगे
जलने वाले चाहे जल जल मरेंगे
दिल से जो धड़के हैं वो दिल हरदम ये कहेंगे
कहीं बीतें न ...

ओ मेरे हमराही, मेरी बांह थामे चलना,
बदले दुनिया सारी, तुम ना बदलना
प्यार हमे ये सिखला देगा, गरदिश में सम्भलना,
कहीं बीतें न ...

दूरियाँ अब कैसी, अरे शाम जा रही है,
हमको ढलते ढलते समझा रही है,
आती जाती साँस जाने कब से गा रही है
कहीं बीतें न ...

film: Seeta aur Geeta singer: Kishore, Asha
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

हवा के साथ साथ
घटा के संग संग
ओ साथी चल
मुझे लेके साथ चल तू
यूँ ही दिन-रात चल तू
सम्भल मेरे साथ चल तू

जुम्मे के दिन किया चुम्मे का वादा
जुम्मे को तोड़ दिया चुम्मे का वादा
ले आ गया रे फिर जुम्मा-चुम्मा ...

जुम्मे के बदले में, क्या दोगे बोलो तो
लेना क्या, देना क्या, लेना क्या, देना क्या
लेना क्या लेना क्या, चुम्मा दो ...

मैं कुछ न दूंगा इससे ज़्यादा चुम्मा
चुम्मा दे दे, जुम्मा चुम्मा दे दे चुम्मा ...
कर तो न चुम्मे जवर जुम्मा
चुम्मा न दे, जुम्मा चुम्मा न दे चुम्मा
जुम्मा चुम्मा दे दे, जुम्मा चुम्मा दे दे चुम्मा

मैं तेरा जी भर दूँ सोचा था हाँ कर दूँ
फिर काहे फिर काहे ना कर दी, ना कर दी
फिर काहे ना कर दी
मैं सद के जान कर दूँ
मैं ने बदल दिया इरादा जुम्मा
चुम्मा न दे, जुम्मा चुम्मा ना दे चुम्मा ...

film: Muqaddar Ka Sikandar singer: Kishore
lyrics: Majrooh music: R.D. Burman

इश्क़ वालों से न पूंछो कि
उनकी रात का आलम तनहा कैसे गुज़रता है
जुदा हो हमसफ़र जिसका, वो उसको याद करता है
न हो जिसका कोई वो मिलने की फ़रियाद करता है

सलामे-इश्क़ मेरी जां ज़रा क़ुबूल कर लो
तुम हमसे प्यार करने की ज़रा सी भूल कर लो
मेरा दिल बेचैन, मेरा दिल बेचैन है हमसफ़र के लिये

मैं सुनाऊँ तुम्हें बात इक रात की
चांद भी अपनी पूरी जवानी पे था
दिल में तूफ़ान था, एक अरमान था
दिल का तूफ़ान अपनी रवानी पे था
एक बादल उधर से चला झूम के
देखते देखते चांद पर छा गया
चांद भी खो गया उसके आगोश में
उफ़ ये क्या हो गया जोश ही जोश में
मेरा दिल धडका,
मेरा दिल तडपा किसीकी नज़र के लिये
सलामे-इश्क़ मेरी जां ज़रा क़ुबूल कर लो ...

इसके आगे की अब दास्तां मुझसे सुन
सुनके तेरी नज़र डबडबा जाएगी
बात दिल की जो अब तक तेरे दिल में थी
मेरा दावा है होंठों पे आ जाएगी
तू मसीहा मुहब्बत के मारों का है
हम तेरा नाम सुनके चले आए हैं
अब दवा दे हमें या तू दे दे ज़हर
तेरी महफ़िल में ये दिलजले आए हैं
एक एहसान कर, एहसान कर,
इक एहसान कर अपने मेहमान पर
अपने मेहमान पर एक एहसान कर
दे दुआएं, दे दुआएं तुझे उम्र भर के लिये
सलामे-इश्क़ मेरी जां ज़रा क़ुबूल कर लो ...

film: Sangam singer: Mukesh
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

दोस्त दोस्त ना रहा
प्यार प्यार ना रहा
ज़िंदगी हमें तेरा
ऐतबार ना रहा, ऐतबार ना रहा

अमानतें मैं प्यार की
गया था जिसको सौंप कर
वो मेरे दोस्त तुम ही थे
तुम्हीं तो थे
जो ज़िंदगी की राह मे
बने थे मेरे हमसफ़र
वो मेरे दोस्त तुम ही थे
तुम्हीं तो थे
सारे भेद खुल गए
राज़दार ना रहा
ज़िंदगी हमें तेरा
ऐतबार ना रहा, ऐतबार ना रहा
दोस्त दोस्त ना रहा ...

सफ़र के वक़्त में पलक पे

film: Silsila singer: Amitabh Bachchan
lyrics: Harivanshrai Bachchan music: Shiv, Hari

रंग बरसे भीगे चुनरवाली, रंग बरसे
अरे कैने मारी पिचकारी तोरी भीगी अंगिया
ओ रंगरसिया रंगरसिया, हो
रंग बरसे भीगे चुनरवाली, रंग बरसे ...

सोने की थाली में जोना परोसा
अरे, सोने की थाली में, जोना परोसा
हाँ, सोने की थाली में जोना परोसा
अरे खाए गोरी का यार, बलम तरसे रंग बरसे
होली है!
ओ रंग बरसे भीगे चुनरवाली, रंग बरसे ...

लौंगा इलायची का, अरे लौंगा इलायची का
लौंगा इलायची का? हाँ!
अरे लौंगा इलायची का बीड़ा लगाया
हाँ लौंगा इलायची का बीड़ा लगाया
चाबे गोरी का यार, बलम तरसे रंग बरसे
होली है!
ओ रंग बरसे भीगे चुनरवाली, रंग बरसे ...

अरे बेला चमेली का सेज बिछाया
बेला चमेली का, सेज बिछाया
अरे बेला चमेली का सेज बिछाया
हाँ बेला चमेली का सेज बिछाया
सोए गोरी का यार, बलम तरसे रंग बरसे
होली है!
ओ रंग बरसे भीगे चुनरवाली, रंग बरसे ...

film: Don singer: Kishore
lyrics: Anjaan music: Kalyanji, Anandji

mmmmm prr prr (chews paan)
अरे भंग का रंग जमा हो चकाचक
फिर लो पान चबाय
humm humm आहा!
अरे ऐसा झटका लगे जिया पे
पुनर जनम होइ जाय

ओ खाइके पान बनारस वाला - (२)
खुल जाए बंद अकल का ताला
खाइके पान बनारस वाला
खुल जाए बंद अकल का ताला
फिर तो ऐसा करे कमाल
सीधी कर दे सबकी चाल
ओ छोरा गंगा किनारे वाला - (२)
खाइके ...

अरे राम दुहाई, कैसे चक्कर में पड़ गया हाय हाय हाय
कहाँ टाँग फ़ँसाई, मैं तो सूली पे चढ़ गया हाय हाय
कैसा सीधा सादा मैं कैसा भोला भाला, हाँ हाँ!
अरे, कैसा सीधा सादा मैं कैसा भोला भाला
जाने कौन घड़ी में पड़ गया पढ़े-लिखों से पाला
मीठी छूरी से, मीठी छूरी से हुआ हलाल
छोरा गंगा किनारे वाला - (२)

एक कन्या कुँवारी हमरी सूरत पे मर गई हाय हाय हाय
एक मीठी कटारी, हमरे दिल में उतर गई हाय हाय
कैसी गोरी गोरी ओ तीखी तीखी छोरी, वाह वाह!
अरे कैसी गोरी गोरी ओ तीखी तीखी छोरी
करके जोरा-जोरी, कर गई हमरे दिल की चोरी
ओ मिली छोरी तो, मिली छोरी तो हुआ निहाल
छोरा गंगा किनारेवाला ...

film: Hum singer: Amitabh
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

जुम्मा, जुम्मा, जुम्मा, जुम्मा, जुम्मा
जुम्मा, जुम्मा जुम्मा जुम्मा जुम्मा जुम्मा जुम्मा

अरे ओ जुम्मा, मेरी जानेमन, बाहर निकल
आज जुम्मा है, आज का वादा है
देख मैं आ गया, तू भी जळी आ
मुझे मत और तड़पा

अरे तू बोली थी पिछले जुम्मे को
चुम्मा दूंगी अगले जुम्मे को
आज जुम्मा है तो आजा आजा
जुम्मा चुम्मा दे दे, जुम्मा चुम्मा दे दे चुम्मा

कहीं बदल न जाना सनम

ले लिया दिल, हाय मेरा दिल
हाय दिल लेकर मुझको ना बहलाना
चुरा लिया... चुरा लिया है ...

बहार बन के आऊँ कभी तुम्हारी दुनिया में
गुज़र न जाएं ये दिन कहीं इसी तमन्ना में
तुम मेरे हो, हां तुम मेरे हो
आज तुम इतना वादा करते जाना
चुरा लिया ... चुरा लिया है ...

सजाउंगा लुट कर भी तेरे बदन की डाली को
लहू जिगर का दूंगा हंसीं लबों की लाली को
है वफ़ा क्या, इस जहां को
एक दिन दिखला दूंगा मैं दीवाना
चुरा लिया... चुरा लिया है ...

ले लिया दिल, हाय मेरा दिल
हाय दिल लेकर मुझको ना बहलाना
चुरा लिया... चुरा लिया है ...

film: Dharam Karam singer: Mukesh
lyrics: Majrooh music: R.D. Burman

इक दिन बिक जाएगा, माटी के मोल
जग में रह जाएंगे, प्यारे तेरे बोल
दूजे के होंठों पे, लेकर अपने गीत
कोई निशानी छोड़, फिर दुनिया से गोल
ला ला लललल्लल्ला

(अनहोनी पथ में काँटें लाख बिछाए
होनी तो फिर भी बिछड़ा यार मिलाए) - (२)
ये बिरहा ये दूरी, दो पल की मजबूरी
फिर कोई दिलवाला काहे को घबराये, तरम्पम,
धारा, तो बहती है, बहके रहती है
बहती धारा बन जा, फिर दुनिया से गोल
एक दिन ...

(परदे के पीछे बैठी साँवल गोरी
थाम के तेरे मेरे मन की डोरी) - (२)
ये डोरी ना छूटे, ये बन्धन ना टूटे
भोर होने वाली है अब रैना है थोड़ी, तरम्पम,
सर को झुकाए तू, बैठा क्या है यार
गोरी से नैना जोड़, फिर दुनिया से गोल
एक दिन ...

film: Aashiqui singer: lyrics: Sameer, Rani Mallik music:

जानम जानेजाँ, जानम जानेजहाँ
जानेजिगर जानेमन, मुझको है तेरी क़सम
तू जो मुझे न मिला, मर जाऊंगी मैं सनम

ओ रोकेगा हम को, अब क्या ज़माना
मर के हमें है वादा निभाना
जानेजिगर जानेमन ...

मैं फूलों से कलिओं से तारों से तेरी मांग भर दूंगा
मैं सांसो की महकी निगाहो को तेरे नाम कर दूंगा

मैं प्यार तुझसे करती हूँ
दिन रात आँहे भरती हूँ
आँहे भरती हूँ, आँहे भरती हूँ
जानेजिगर जानेमन ...

(बिन तेरे गुज़रते हैं कैसे मेरे दिन रात न पुछो) - २
जो दिल में छुपे हैं मेरे हमनशीं वो बात न पूछो

दो दिल जब धड़कते हैं
ऐसे ही तड़पते हैं
तड़पते हैं, तड़पते हैं
जानेजिगर जानेमन ...

ओ रोकेगा हम को, अब क्या ज़माना
मर के हमे है वादा निभाना
जानेजिगर जानेमन ...
जानम, जानेजां, जानम, जानेजहन

तेरे मेरे मिलन की ये रैना
नया कोई गुल खिलायेगी
तभी तो चंचल हैं तेरे नैना
देखो ना
देखो ना, तेरे मेरे मिलन की ये रैना

(नन्हां सा गुल खिलेगा अँगना
सूनी बइंयाँ सजेगी सजना) - २
जैसे खेले चंदा बादल में
खेलेगा वो तेरे आंचल में
(चंदनिया गुनगुनायेगी) - २
तभी तो चंचल हैं तेरे नैना, देखो ना ...

(तुझे थामे कई हाथों से
मिलूंगा मदभरी रातों में) - २
जगा के अनसूनी सी धड़कन
बलमवा भर दूंगी तेरा मन
(नई अदा से सतायेगी) - २
तभी तो चंचल हैं तेरे नैना, देखो ना ...

film: Khud-Daar singer: Kishore, Lata
lyrics: Majrooh music: Rajesh Roshan

अंग्रेज़ी में कहते हैं के आय लव यू
गुजराती मा बोले तने प्रेम करूं छूँ, छूँ, छूँ
बंगाली में कहते हैं कि आमी तुमारो भालो बाशी
और पंजाबी में कहते हैं तेरी तो
कि तेरे बिन मर जावां, मैं तैनू प्यार करणा
कि तेरे बिन नैयो लबड़ी, ओ साथी हो, नि बलिये

हम तुमपे इतना डाइंग
जितना सी में पानी लाइंग
आकाश में पंछी फ़्लाइंग
भंवरा बगियन में गाइंग
अंग्रेज़ी में कहते हैं ...

इतना करे क्यूँ झन्झट
दुनिया क्या कहेगी हमको
हम समझा अक्कल वाला
बिलकुल इडियट है तुम तो
अंग्रेज़ी में कहते हैं ...

तू जल्दी से हाँ कर दे
वरना तेरी क़सम कहता हूँ
सारी दुनिया के आगे जानी
अभी पोयज़न खाता हूँ
अंग्रेज़ी में कहते हैं ...

film: Aashiqui singer:
lyrics: Sameer, Rani Mallik music: Nadeem Shraven

(मैं दुनिया भुला दूंगा, तेरी चाहत में) - २
ओ दुश्मन ज़माने, मुझे न भुलाना
मैं खुद को मिटा दूंगा तेरी चाहत में

(मैं दुनिया भुला दूंगी, तेरी चाहत में) - २
तेरा साथ छूटा, ये वादा जो टूटा
मैं खुद को मिटा दूंगी, तेरी चाहत में
मैं दुनिया भुला दूंगा ...

मेरी सांसें, तेरी खुशबू
मेरे दिल में, तेरी धड़कन
मेरी महफ़िल, तेरी बातें
मेरी आँखें, तेरे दरपन
(बिन तेरे कुछ भी नहीं मैं) - २
मैं हर ग़म उठा लूंगी ...
मैं दुनिया भुला दूंगा, तेरी चाहत में

